
# दिवाली की रात सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**बक्सर ( आससे )।** दीपावली की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब सड़क हादसे में एक 30 वर्षीय युवक की जान चली गई। घटना डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव की है। दीपावली की रात हुए इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। मृतक की पहचान नेनुआ गांव निवासी लाल बिहारी पासवान के पुत्र जितउ पासवान (30 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, जितउ पासवान दीपावली की रात बाइक से डुमरांव से अपने गांव नेनुआ लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पानी में फिसल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डुमरांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पंचनामा तैयार करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और उसे परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में दीपावली की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, युवक की असमय मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# प्रकाश पर्व पर बंद रहा पिपली बुद्ध विहार, श्रद्धालुओं में आक्रोश

**बक्सर ( आससे )।** प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर जहां एक ओर पूरा शहर रोशनी और उत्सव में डूबा था, वहीं बक्सर का पिपली बुद्ध विहार वीरान और ताले में बंद नजर आया। पर्व के दिन शाम करीब 7 बजे बुद्ध विहार का मुख्य द्वार बंद मिलने से यहां पहुंचे दर्जनों श्रद्धालुओं को गहरी निराशा हाथ लगी और वे बैरंग लौटने को विवश हुए।



डॉ. गणेश प्रसाद मंडल ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि दीप प्रज्वलित करने और प्रसाद चढ़ाने पहुंचे बाबा विनोद कुमार भारती, पप्पू जी, श्रीराम सिंह, डॉ. ओमप्रकाश सिंह समेत कई गणमान्य लोग बुद्ध विहार पर ताला लटका देख आहत हुए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने बड़े पर्व पर भी बुद्ध विहार का ताला न खोला जाना समाज की कार्यसंस्कृति पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।


संदेश में यह भी गंभीर मुद्दा उठाया गया है कि बुद्ध विहार के कुप्रबंधन के कारण भंते जी को भोजन के लिए स्टेशन स्थित रोटी बैंक का सहारा लेना पड़ रहा है। समाज के प्रबुद्ध जनों ने इस लचर व्यवस्था और बुद्ध विहार की दुर्दशा पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

# फाइलेरिया मुक्त बनाने की पहल : छूटे हुए लोगों और प्रवासियों को खिलायी जायेगी दवा

**बक्सर ( आससे )।** जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर कमर कस ली है। एमडीए अभियान के दौरान किसी कारणवश फाइलेरिया की दवा खाने से वंचित रह गए योग्य व्यक्तियों और आगामी दीपावली तथा छठ पूजा पर घर लौटने वाले प्रवासियों को दवा खिलाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने सदर अस्पताल बक्सर और अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव के उपाधीक्षकों समेत सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आशा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष व्यवस्था अभियान के तहत, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा छूटे हुए लोगों और त्योहारों पर घर आने वाले प्रवासियों की सूची तैयार की जाएगी। आशाएं घर-घर जाकर लोगों को दवा के फायदों के प्रति जागरूक करेंगी और उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा खाने के लिए प्रेरित करेंगी। इसके अलावा, सभी स्वास्थ्य संस्थानों के ओपीडी में एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाएगी, जो प्रतिदिन आने वाले छूटे हुए लोगों को प्रोटोकॉल के तहत दवा का सेवन कराएंगे। विभाग ने निर्देश दिया है कि उच्च प्राथमिकता वाले गांवों में सहयोगी संस्थाएं स्वास्थ्यकर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगी। यह दल प्रवासियों की पहचान करने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने और लोगों को स्वास्थ्य केंद्र तक लाने में मदद करेगा। पूरे अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि एक भी पात्र व्यक्ति दवा सेवन से न छूटे।

# महादलित बस्ती में दीप जलाकर डीएम ने बांटी दीपावली की खुशियां

**बक्सर ( आससे )।** दीपावली की खुशियां हर घर तक पहुंचे, इसी संदेश के साथ रविवार को जिलाधिकारी साहिला छोटका नुआंव स्थित महादलित बस्ती पहुंचीं। यहां उन्होंने स्थानीय परिवारों के बीच दीप और मिठाइयां बांटीं। साथ ही लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। डीएम ने बस्ती के लोगों से बातचीत की और उनके साथ पर्व की खुशियां साझा कीं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से यह पहल की गई। इस दौरान डीएम साहिला ने कहा कि दीपावली सिर्फ दीप जलाने और खुशियां मनाने का त्योहार नहीं है। यह प्रेम, भाईचारे, समानता और सामाजिक एकजुटता का भी संदेश देता है। पर्व की खुशियां समाज के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए। आपसी सद्भाव और सहयोग से ही त्योहार की असली खुशी मिलती है। इस मौके पर डीएम ने जिलेवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए सुख, शांति, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोगों से सावधानी के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि पटाखे जलाते समय बच्चों को अकेला न छोड़ें। आतिशबाजी के दौरान बड़ों की निगरानी जरूरी है। घरों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर पटाखे जलाने से बचें। दीप और मोमबत्तियां भी ज्वलनशील सामान से दूर रखें।



उन्होंने बिजली की सजावट में सुरक्षित तारों का इस्तेमाल करने और ओवरलोडिंग से बचने की सलाह दी। साथ ही बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने को कहा। डीएम ने स्वच्छता बनाए रखने और ध्वनि व धुएं से होने वाली परेशानी से बचने की भी अपील की।

# ब्रह्मपुर आरडीओ अल्पिका सिंह के खिलाफ विभागीय काररवाई

**बक्सर ( आससे )।** ब्रह्मपुर प्रखंड कार्यालय में आठ माह के वेतन भुगतान की मांग को लेकर कटोरा लेकर धरने पर बैठने वाली ग्रामीण विकास पदाधिकारी अल्पिका सिंह के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को जिला प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरडीओ के खिलाफ आरोप पत्र (प्रपत्र %क%) गठित कर संबंधित विभाग को भेजने का निर्देश दे दिया है। जिला प्रशासन द्वारा मामले की समीक्षा के बाद बताया गया कि संबंधित पदाधिकारी द्वारा वरीय अधिकारियों के आदेशों की लगातार अनदेखी की जा रही थी। वे बिना किसी पूर्व सूचना के लंबे समय से कार्यालय से अनुपस्थित चल रही थीं। इसके अलावा उन्होंने अनिवार्य बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में भी हाजिरी दर्ज नहीं कराई। सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि वे राष्ट्रीय महत्व के समयबद्ध कार्य %जनगणना% से भी गायब रहीं। प्रशासन ने इसे सरकारी कार्यसंस्कृति और अनुशासन के प्रति घोर लापरवाही माना है।

बता दें कि ब्रह्मपुर की आरडीओ अल्पिका सिंह का बीडीओ सोनू कुमार से विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 11 महीने की नौकरी में उन्हें महज 3 महीने का वेतन मिला है और 8 महीने का वेतन बकाया है। आर्थिक तंगी का हवाला देकर वे प्रखंड कार्यालय परिसर में कटोरा लेकर धरने पर बैठ गई थीं। उन्होंने बीडीओ पर मानसिक प्रताड़ना और कार्यालयीन सुविधाएं न देने का आरोप भी लगाया था। वहीं, बीडीओ सोनू कुमार ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा था कि वेतन के संबंध में पत्र डीएम को पहले ही भेजा जा चुका है।



जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कामकाज में अनुशासनहीनता, लापरवाही और आदेशों की अवहेलना कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर दफ्तर आने, अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने और अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का कड़ा निर्देश जारी किया है।

# उचक्के ने महिला के गले से डेढ़ लाख का मंगलसूत्र काटा

**आरा ( भोजपुर )।** शहर के नगर थाना क्षेत्र के अरण्य देवी मंडी के समीप धनतेरस के दिन एक महिला के गले से सोने का डेढ़ लाख का मंगलसूत्र उचक्के ने काट लिया। इस दौरान महिला के गोद में रही चार वर्षीया बच्ची के गले से भी लॉकेट काट लिया गया। इस दौरान महिला की नजर उचक्के पर पड़ गई और उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान उसके जेब से लॉकेट मिला। जबकि मंगलसूत्र उसने किसी और को देखकर भगा दिया। इस दौरान पब्लिक ने मिलकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि वह बड़हरा थाना क्षेत्र के लौहर फरना वार्ड नंबर-7 निवासी रामजी ठाकुर का पुत्र राजकुमार ठाकुर है।

# महादलित बस्ती में प्रशासन ने बांटी दीपावली की खुशियां

## सीएम के निर्देश पर नाथपुर पहुंचीं डीडीसी और अपर समाहर्ता



**बक्सर ( आससे )।** दीपावली की खुशियां हर घर तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन की टीम रविवार को इटाढ़ी प्रखंड के नाथपुर स्थित महादलित बस्ती पहुंची। यहां उप विकास आयुक्त निहारिका छवि और अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह ने स्थानीय परिवारों के बीच दीप और मिठाइयां बांटकर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान अधिकारियों ने बस्ती के लोगों से आत्मीय बातचीत की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर आयोजित किया गया। अधिकारियों ने परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें यह एहसास कराया कि त्योहार की खुशियों में समाज के हर वर्ग की बराबर की भागीदारी है। दीप और मिठाइयां पाकर बस्ती के लोगों के चेहरे भी खिल उठे।

इस मौके पर डीडीसी निहारिका छवि ने कहा कि दीपावली प्रकाश, उमंग और खुशियों का पर्व है। इसकी असली खुशी तभी है, जब समाज का हर व्यक्ति इसमें शामिल हो। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और वंचित परिवारों के बीच पहुंचकर खुशियां बांटना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की।

जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों को भी दीपावली की खुशियों से जोड़ना और सामाजिक समरसता का संदेश देना था। अधिकारियों की इस पहल से बस्ती के लोगों में भी त्योहार को लेकर उत्साह देखने को मिला।

# पीरो नगर परिषद के सिविल अभियंता सेवा से बर्खास्त

**पीरो ( भोजपुर )।** प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से कथित तौर पर कमीशन वसूल करने व अपात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने के मामले में विशेष सचिव सह मिशन निदेशक हाउसिंग फार आल के निर्देश पर पीरो नगर परिषद के सिविल अभियंता स्वतंत्र यादव को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बताया जाता है कि नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय ने सिविल अभियंता पर प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए संबंधित लाभुकों कमीशन वसूल करने व अपात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ देने की शिकायत नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री से की थी।

प्राप्त शिकायत के आलोक में आवश्यक जांचोपरांत शिकायत सही पाए जाने पर सिविल अभियंता को सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध में निर्गत पत्र में बर्खास्त अभियंता को अपना संपूर्ण प्रभार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को तत्काल हस्तगत कराने का निर्देश दिया गया है।

# लापता युवक की पत्थरों से कूचकर हत्या

## मिला क्षत-विक्षत शव, सड़क पर उतरे ग्रामीण

**बक्सर ( आससे )।** बासुदेवा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। हत्यारों ने युवक की बेरहमी से हत्या करने के बाद पहचान मिटाने के लिए उसका चेहरा बुरी तरह कुचल दिया था। इतना ही नहीं, शव का एक पैर भी गायब मिला। मृतक की पहचान बासुदेवा गांव के कोइरी टोला निवासी स्वर्गीय जनार्दन सिंह के 35 वर्षीय पुत्र राजेश कुशवाहा उर्फ सुखारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुबह कुछ ग्रामीण शौच के लिए निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर झाड़ियों में पड़े शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही परिजन और बासुदेवा पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के मुताबिक, राजेश रविवार की देर शाम से ही घर से लापता थे। शव की पहचान होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।



युवक की निर्मम हत्या से गुस्साए ग्रामीणों ने डुमरांव-बिक्रमगंज मुख्य सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीण हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अनिल कुमार पासवान को भी ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित लोग शव उठाने से रोकते रहे। उनका कहना था कि जब तक अपराधियों की गिरफ्तारी का भरोसा नहीं मिलता, तब तक विरोध जारी रहेगा। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरांव के पूर्व विधायक एवं इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनका दर्द सुना। ग्रामीणों के साथ उन्होंने एसडीपीओ डुमरांव से बातचीत की और हत्याकांड में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व विधायक ने कहा कि जब तक एक युवा की इस तरह निर्मम हत्या बेहद चिंताजनक है। इससे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने प्रशासन के सामने मृतक के एक योग्य आश्रित को सरकारी नौकरी देने, परिवार को उचित मुआवजा और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों को कठोर सजा दिलाने की बात कही।

उधर, पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य और नमूने एकत्र किए हैं। हत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आपसी रंजिश समेत विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। अधिकारियों ने जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करने का भरोसा दिया है। हालांकि, युवक की बर्बर हत्या से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# लोक आस्था के केंद्र सोखाधाम के कायाकल्प को आगे आये ग्रामीण

**बक्सर ( आससे )।** कड़सर स्थित सोखाधाम मंदिर परिसर में सोखाधाम और लोधास स्थित सतीधाम के विकास को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों के साथ दोनों धार्मिक स्थलों से जुड़े श्रद्धालुओं और समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। बैठक में इन स्थलों को पर्यटन के मानचित्र पर पहचान दिलाने और इनके विकास के लिए ठोस पहल करने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता भोजपुरी साहित्य मंडल के महासचिव डॉ. वैरागी प्रभाष चतुर्वेदी ने की। उन्होंने सोखा बाबा के धार्मिक और लोक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि सोखा सुख के देवता माने जाते हैं। वे कृषक जीवन की पीड़ा हरने वाले और लोक आस्था में रोग मुक्ति तथा मनोकामना पूर्ति के प्रतीक हैं। सोखा बाबा के चमत्कारों से जुड़ी हजारों लोक कथाएं आज भी लोगों की जुबान पर हैं।



इस दौरान लोधास निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं वरीय अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह की पहल की भी चर्चा हुई। वे लंबे समय से सोखाधाम और सतीधाम के प्रति आस्था रखते हैं। साथ ही इन स्थलों से जुड़े पौराणिक और ऐतिहासिक विवरणों को एकत्र कर रहे हैं।

उन्होंने इनके समुचित विकास के लिए एक ट्रस्ट का पंजीकरण कराने की प्रक्रिया भी शुरू की है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोखाधाम और सतीधाम को विकसित करने के लिए बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग से पत्राचार किया जाएगा। इन धार्मिक स्थलों को रामायण परिपथ से जोड़कर बिहार के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

बैठक में मिहिर तिवारी, पुरुषोत्तम सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, सुनील कुमार सिंह और विजय शंकर तिवारी सहित कई श्रद्धालु एवं समाजसेवी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव रखे और दोनों स्थलों के विकास के लिए सामूहिक प्रयास पर जोर दिया।

# ढाई लीटर शराब व नगदी के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा ( भोजपुर )।** नगर थाना पुलिस ने मोती टोला मोहल्ले में छापेमारी कर ढाई लीटर शराब और नगदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया, उसके पास से करीब 2700 एमएल शराब, 4600 रुपये नगदी और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार मोती टोला निवासी धर्मेंद्र पासवान का पुत्र विक्की कुमार है। पुलिस उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**सहार ( भोजपुर )।** चौरी थाना क्षेत्र से दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है जानकारी के अनुसार सोना टोला निवासी लालबाबू पासवान है जो पिंटू पासवान का बेटा है दूसरा शिवपुरी छपरा निवासी विकास शर्मा जो राज किशोर शर्मा का बेटा है। चौरी थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश अनुसार दोनों वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरास्त में भेज दिया है।

# 11 नवंबर को धूमधाम से होगी भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**बक्सर ( आससे )।** चित्रगुप्त पूजा की तैयारियों को लेकर रविवार को शहर के अस्पताल रोड स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 11 नवंबर को चित्रगुप्त भगवान की पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। पूजा का आयोजन चित्रगुप्त मंदिर और गौरी शंकर मंदिर, दोनों जगहों पर किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता शशि भूषण वर्मा ने की, जबकि संचालन दिलीप कुमार सिन्हा (गुरु लाल) ने किया। बैठक में तय हुआ कि पूजा कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।




बैठक में पूजा को भव्य और यादगार बनाने पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग और सामाजिक एकता के साथ आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लोगों को एकजुट करने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का बेहतर माध्यम हैं। बैठक में सुलतन लाल, सुजीत कुमार सिन्हा, पप्पू लाल, जितेंद्र श्रीवास्तव, मनोज लाल, अधिवक्ता रविन्द्र कुमार सिन्हा, सुड्डु लाल, हीना लाल, विकास सिन्हा, सत्यराज सिन्हा, मनन लाल, राजू लाल, नीरज सिन्हा, बबुआ जी, मोहन श्रीवास्तव, रमन जी और दिलीप जी सहित कायस्थ परिवार के कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# शस्त्र और कारतूसों के भौतिक सत्यापन शेड्यूल जारी

**बक्सर ( आससे )।** जिले में शस्त्र लाइसेंसधारियों को अब अपने हथियारों और कारतूसों का भौतिक सत्यापन कराना होगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए थानावार कार्यक्रम जारी कर दिया है। सत्यापन का काम 12 से 14 नवंबर और फिर 25 से 28 नवंबर तक चलेगा। सभी संबंधित थानों में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सत्यापन किया जाएगा। प्रशासन के निर्देश के मुताबिक, सभी शस्त्र लाइसेंसधारियों को अपने लाइसेंस, हथियार और कारतूस के साथ संबंधित थाने में खुद उपस्थित होना होगा। सत्यापन के बाद लाइसेंस का वर्ष 2027 से 2031 तक नवीकरण किया जाएगा। इसके लिए शस्त्र नियमावली 2018 के नियम 30 और 112 के तहत कार्रवाई की जा रही है। सत्यापन के लिए जिले के सभी थानों में दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। बक्सर नगर थाना में बीडीओ बक्सर, मुफस्सिल में बीडीओ चौसा और औद्योगिक थाना में सीओ बक्सर को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह राजपुर, इटाढ़ी, धनसोई, ब्रह्मपुर, सिमरी, डुमरांव, नावानगर, चौगाई, चक्की समेत अन्य थानों में संबंधित अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

संबंधित थानाध्यक्ष भी सत्यापन के दौरान मौजूद रहेंगे। इस बार सत्यापन के दौरान 70 वर्ष से अधिक उम्र के लाइसेंसधारियों की शारीरिक स्थिति का भी आकलन किया जाएगा। अधिकारी यह देखेंगे कि संबंधित व्यक्ति हथियार चलाने में सक्षम है या नहीं। वहीं, जिनका लाइसेंस नवीकरण के लिए आवेदन प्रक्रियाधीन है।

# पूर्व कस्टम अधिकारी हत्याकांड में पांच को भेजा गया जेल

**आरा ( भोजपुर )।** नवादा थाने के कनकपुरी मोहल्ला निवासी क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष सह रिटायर अधिकारी रामकुमार सिंह हत्याकांड का पूरा सच सामने आ गया है। रिमांड पर लिए गए चंदन सिंह और मनोज सिंह उर्फ लक्की सहित पांच अभियुक्तों से दो दिनों की पूछताछ में पुलिस को कांड से संबंधित हर सवाल का जवाब मिल गया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को शनिवार को स्वास्थय जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

# सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में आज मनेगा भव्य अन्नकूट महोत्सव

**बक्सर ( आससे )।** नया बाजार स्थित श्री सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। आश्रम के महंत पूज्य राजाराम शरण दास जी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्सव की शुरुआत दोपहर 12 बजे से होगी। इस दौरान श्रद्धालु ठाकुर जी के अलौकिक दर्शन कर सकेंगे और छप्पन भोग के दर्शन का लाभ उठाएंगे।




महोत्सव में संतों के सारगर्भित प्रवचन होंगे। साथ ही भक्तिमय भजन-कीर्तन का भी आयोजन रखा गया है।

इसके बाद सभी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। महंत जी ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य उत्सव में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भक्तजन ठाकुर जी के दर्शन करें, भोग प्रसाद ग्रहण करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।